अध्याय 4

# औद्योगीकरण का युग

# [THE AGE OF INDUSTRIALISATION]

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**प्रश्न 1.** सही विकल्प चुनकर लिखिए—

**1.** औद्योगिक क्रांति सर्वप्रथम कहाँ प्रारंभ हुई—
(a) इंग्लैंड (b) जर्मनी (c) फ्रांस (d) इटली।

**2.** बंबई में पहला कपड़ा मिल कब खुला—
(a) 1845 ई. (b) 1850 ई. (c) 1852 ई. (d) 1854 ई.।

**3.** 1934 के सनलाइट साबुन के कैलेंडर पर किस भगवान की फोटो छपी थी—
(a) विष्णु भगवान (b) कृष्ण भगवान (c) शंकर भगवान (d) गणेश भगवान।

**4.** 1930-40 के दशक के यूनियन कार्यकर्ता का नाम बताइए—
(a) बसंत पारकर (b) महेश भाई ठाकरे
(c) भाई भोसले (d) अनंत पूर्वे।

**5.** सूती कपड़ा मिल की रूपरेखा किसने तैयार की—
(a) जॉन राइट (b) रिचर्ड आर्कराइट
(c) एंड्रू कार्नेगी (d) जेम्स वॉट।

**6.** इंग्लैंड में किस नई प्रौद्योगिकी की शुरुआत से महिलाएँ चिढ़ती थीं—
(a) हार्वेस्टर मशीन (b) स्पिनिंग जेनी (c) फुलर (d) स्टेपलर।

**7.** कलकत्ता में किस पूँजीपति द्वारा पहली भारतीय जूट मिल को स्थापित किया था—
(a) द्वारिकानाथ टैगोर (b) डिनशा पेटिट
(c) जमशेदजी नुसखान जी टाटा (d) सेठ हुकुमचंद।

8. 1911 ई. में भारत में अधिकांश उद्योग किन राज्यों में स्थापित थे—
   (a) बिहार और सिंध प्रांत   (b) बंगाल और बम्बई
   (c) मध्य प्रांत और संयुक्त प्रांत   (d) मद्रास और पंजाब।
                                                                                         (म.प्र. 2022)
9. मुम्बई में प्रथम कपड़ा मिल स्थापित हुई—
   (a) 1854   (b) 1830   (c) 1840   (d) 1864.

उत्तर— 1. (a), 2. (d), 3. (a), 4. (c), 5. (b), 6. (b), 7. (d), 8. (b), 9. (a).

**प्रश्न 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—**

1. 1900 ई. में ............... म्यूजिक कंपनी ने संगीत की किताब प्रकाशित की थी।
2. बंगाल में देश का पहला जूट मिल ............... ई. में चालू हुआ।
3. 1901 ई. में भारतीय फैक्ट्रियों में ............... मजदूर काम करते थे।
4. रस्सियों और पुलियों के जरिए चलने वाला एक यांत्रिक मशीन को ............... कहा जाता है।
5. विश्व बाजार में ............... भारतीय उद्योग एवं दस्तकारियों का बोल-बाला था।
6. कपास (कॉटन) ....................... का पहला प्रतीक थी।
7. उद्योगपति नए मजदूरों की भर्ती के लिए प्राय: एक ....................... रखते थे।
8. जब भारतीय निर्माताओं ने विज्ञापन बनाए उनमें .................. सन्देश साफ दिखाई देता था।
9. जेम्स वॉट ने ............................ द्वारा बनाए गए भाप के इंजन में सुधार किए।
10. इंग्लैण्ड के कपड़ा व्यवसायी ................................ से ऊन खरीदते थे।
11. 1917 में कलकत्ता में देश की पहली जूट मिल लगाने वाले मारवाड़ी व्यवसायी ................. थे।
12. 1900 से 1912 तक भारत में सूती कपड़े का उत्पादन ......................... गुना हो गया।

उत्तर— 1. ई.टी. पॉल, 2. 1855, 3. 5,84,000, 4. फ्लाई शटल, 5. सूती और रेशमी कपड़े, 6. नये युग, 7. जॉबर, 8. राष्ट्रवादी, 9. न्यूकॉमेन, 10. स्टेपलर्स, 11. सेठ हुकुमचंद, 12. दो।

**प्रश्न 3. सही जोड़ी मिलाइए—**

| खण्ड 'अ' | खण्ड 'ब' |
|---|---|
| 1. स्पिनिंग जेनी | (a) जहाज रानी |
| 2. गिल्ड्स | (b) कपास |
| 3. द्वारिकानाथ टैगोर | (c) ऊन को छाँटने वाला |
| 4. नए युग का प्रतीक | (d) ऊनी धागे बनाने वाली मशीन |
| 5. स्टेपलर | (e) सूतों को ऐंठने और लपेटने का यंत्र |
| 6. कार्डिंग | (f) उत्पादकों के संगठन। |

उत्तर— 1. (d), 2. (f), 3. (a), 4. (b), 5. (c), 6. (e).

**प्रश्न 4. सत्य/असत्य लिखिए—**

1. भूमध्यसागर के पूर्व में स्थित देश को प्राच्य कहा जाता था।
2. कलकत्ता में पहली जूट मिल लगाने वाले व्यवसायी सेठ हुकुमचंद थे।
3. 1928 ई. के ग्राइप वॉटर के कैलेंडर पर भगवान विष्णु का चित्र अंकित था।
4. जे.एन. टाटा ने जमशेदपुर में भारत का पहला इस्पात कारखाना खोला।
5. विक्टोरियाकालीन ब्रिटेन में उच्च वर्ग के लोग कुलीन और पूँजीपति वर्ग हाथों से बनी वस्तुओं को महत्व देते थे।
6. बेरोजगारी की आशंका के कारण मजदूर नयी प्रौद्योगिकी को पसन्द करते थे।
7. पहले विश्व युद्ध तक यूरोपीय प्रबन्धकीय एजेन्सियाँ भारतीय उद्योगों के विशाल क्षेत्र का नियन्त्रण करती थीं।

8. 1840 के दशक से इंग्लैण्ड में और 1860 के दशक से उसके उपनिवेशों में रेलवे का विस्तार होने लगा था।

9. उन्नीसवीं सदी की शुरूआत तक पूरे इंग्लैण्ड में भाप के सिर्फ 120 इंजन थे।

10. उन्नीसवीं सदी के मध्य में सबसे अच्छे हालात में भी लगभग 18 प्रतिशत शहरी आबादी निहायत गरीब थी।

उत्तर—1. सत्य, 2. सत्य, 3. असत्य, 4. सत्य, 5. सत्य, 6. असत्य, 7. सत्य, 8. सत्य, 9. असत्य, 10. असत्य।

**प्रश्न 5. एक शब्द/वाक्य में उत्तर दीजिए—**

1. ई.टी. पॉल म्यूजिक कंपनी ने 1900 ई. में संगीत की एक किताब प्रकाशित की थी, जिसकी जिल्द पर दी गई तस्वीर में क्या ऐलान किया गया था ?
2. इंग्लैण्ड प्रिंटर्स में दो जादूगरों की तस्वीर कब प्रकाशित हुई थी ?
3. ईस्ट इंडिया कंपनी ने भारत में बुनकरों पर निगरानी रखने के लिए किसे नियुक्त किया था ?
4. स्पिनिंग जेनी का आविष्कार किसने किया था ?
5. भारत में सबसे पहले तीन दशकों में सूती वस्त्र के कारखाने किन-किन शहरों में खुले ?
6. औद्योगिक क्रांति सबसे पहले किस देश से प्रारंभ हुई ? **(म.प्र. 2022)**

उत्तर— 1. "नई सदी के उदय", 2. 26 जनवरी, सन् 1901, 3. गुमाश्तों को, 4. जेम्स हरग्रीव्ज, 5. बम्बई, कानपुर, मद्रास, 6. इंग्लैण्ड।